# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

**संक्षिप्त विज्ञापन**

**क्रमांकः प.14()RSSB/अर्थना/अध्यापक भर्ती लेवल प्रथम/2025/** **दिनांक : ई–हस्ताक्षरानुसार**

## प्राथमिक अध्यापक सीधी भर्ती लेवल प्रथम – 2025

राजस्थान संस्कृत शिक्षा राज्य एवं अधीनस्थ सेवा (विद्यालय शाखा) नियम 2015 के अन्तर्गत संस्कृत शिक्षा विभाग के लिये तथा राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम–2014 के अन्तर्गत प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के लिये प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती–2025 के अन्तर्गत गैर अनुसूचित क्षेत्र तथा अनुसूचित क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल प्रथम के पदों पर सीधी भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से निम्नानुसार ऑन लाईन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैः–

| विभाग का नाम | पद का नाम | विज्ञापित पद संख्या | | आयु (सीमा 01.01.2027) | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| संस्कृत शिक्षा विभाग | प्राथमिक अध्यापक सीधी भर्ती लेवल–प्रथम (संस्कृत शिक्षा) | गैर अनुसूचित क्षेत्र | 187 | न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम। | पे मैट्रिक्स लेवल एल – 10 |
| | | अनुसूचित क्षेत्र | – | | |
| | | **कुल** | **187** | | |
| | प्राथमिक अध्यापक सीधी भर्ती लेवल–प्रथम (सामान्य शिक्षा) | गैर अनुसूचित क्षेत्र | 422 | न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम। | पे मैट्रिक्स लेवल एल – 10 |
| | | अनुसूचित क्षेत्र | 27 | | |
| | | **कुल** | **449** | | |
| प्रारम्भिक शिक्षा विभाग | प्राथमिक अध्यापक सीधी भर्ती लेवल–प्रथम | गैर अनुसूचित क्षेत्र | 4500 | न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम। | पे मैट्रिक्स लेवल एल – 10 |
| | | अनुसूचित क्षेत्र | 500 | | |
| | | **कुल** | **5000** | | |

**आवेदन करने की अवधि**::– ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं पंजीयन शुल्क के संबंध में सूचना शीघ्र ही विस्तृत विज्ञापन में अलग से दी जावेगी।

**परीक्षा आयोजन :–** बोर्ड द्वारा संस्कृत शिक्षा विभाग तथा प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के लिये प्राथमिक अध्यापक सीधी भर्ती लेवल–प्रथम के उक्त पदों पर भर्ती परीक्षा संभावित तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी।

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.07.17 15:41:45 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 16599854

**<u>अन्य बिन्दु व सूचना</u>**::– उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता, वेतनमान, आरक्षण के प्रावधान, पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान, आवेदन में संशोधन की प्रक्रिया, परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड़ की वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर यथासमय उपलब्ध करवा दी जाएगी।

इस परीक्षा के संबंध में समय–समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड़, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड़, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जावें।

(डॉ. बी.सी. बधाल)
सचिव

**क्रमांकः प.14()RSSB/अर्थना/ अध्यापक भर्ती लेवल प्रथम/2025/** **दिनांक : ई–हस्ताक्षरानुसार**

**प्रतिलिपी निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, राजस्थान जयपुर को बोर्ड की संक्षिप्त विज्ञप्ति की प्रति प्रेषित कर निवेदन है कि इस विज्ञप्ति को दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका, दैनिक नवज्योति समाचार पत्र के राजस्थान राज्य के दिनांक 18.07.2025 के दैनिक संस्करण में प्रकाशित करवाकर बिल भुगतान हेतु बोर्ड कार्यालय को भिजवाएं जाने का श्रम करावें।
2. प्रभारी अधिकारी आई.टी. अनुभाग RSSB को भेज कर लेख है कि उक्त सूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करवाएं।

सचिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.07.17 15:41:45 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 16599854